**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**व्यय विभाग**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या -1347**

***सोमवार, 8 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)***

**8वें वेतन आयोग का कार्यान्वयन**

**1347. श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन:**
**श्री तमिलसेल्वन थंगाः**
**डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:**
**श्री धर्मेन्द्र यादवः**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार 01-01-2026 से 8वें वेतन आयोग को लागू करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या सरकार ने 8वें वेतन आयोग के विचारार्थ विषयों (टीओआर) को अंतिम रूप दे दिया है, जिससे केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन और पेंशनभोगियों के भत्ते में संशोधन होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार 2026-27 के बजट में 8वें वेतन आयोग को लागू करने के लिए धनराशि आवंटित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में की गई कार्रवाई क्या है तथा सरकारी खजाने पर कुल कितना व्यय होने की संभावना है;

(घ) क्या 8वें वेतन आयोग ने अंतिम सिफारिशें करने से पहले केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी और पेंशनभोगी संघों तथा राज्य सरकारों सहित सभी प्रमुख हितधारकों से परामर्श किया है/कर रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) 8वें वेतन आयोग के गठन और अन्य कार्यवाही की वर्तमान स्थिति क्या है और इससे लाभान्वित होने वाले केंद्र सरकार के कुल कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की संख्या कितनी है;

(च) क्या सरकार 8वें वेतन आयोग के कामकाज शुरु होने में देरी के कारण कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की शिकायतों पर विचार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) आयोग द्वारा अपनी सिफारिशें कब तक प्रस्तुत किए जाने की संभावना है और सरकार उन्हें कब तक लागू करेगी?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री**

**(श्री पंकज चौधरी)**

(क) से (ग), (ङ) और (च): आठवें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) का गठन पहले ही कर दिया गया है। आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के विचारार्थ विषयों (टीओआर) को दिनांक 03.11.2025 के वित्त मंत्रालय के संकल्प के माध्यम से अधिसूचित कर दिया गया है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की संख्या लगभग 50.14 लाख और पेंशनभोगियों की संख्या लगभग 69 लाख है। आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के लागू होने की तारीख का निर्णय सरकार द्वारा लिया जाएगा। सरकार आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिशों को लागू करने के लिए निधियों का समुचित प्रावधान करेगी।

(घ): आठवां केंद्रीय वेतन आयोग अपनी सिफारिशों को तैयार करने के लिए कार्य-प्रणाली और क्रिया-विधि को अपनाएगा।

(छ): दिनांक 03.11.2025 को अधिसूचित संकल्प में यथानिर्दिष्ट, आठवां केंद्रीय वेतन आयोग इसके गठन की तारीख से 18 माह के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।

*****